प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 73वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर का किया उद्घाटन : कहा– 500 से अधिक पदक विजेता खिलाडियों को सरकार ने दी है नौकरी।
2. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने आज आगरा में दो दिवसीय अखिल भारतीय चिंतन शिविर का किया शुभारम्भ।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में 11 सितंबर को तीन दिवसीय सेमिकॉन इंडिया 2024 का करेंग उद्घाटन।
4. कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश की जांच में जुटी एटीएस, आईबी, रेलवे और सिविल पुलिस : हिरासत में लिए गए छह संदिग्ध। और
5. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अगले दो दिनों में मध्यम से तेज बारिश की संभावना : एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत अन्य बचाव दलों को किया गया मुस्तैद।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 73वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर का उद्‌घाटन किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से केंद्रीय पुलिस बल ,राज्य पुलिस बल और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 34 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन, प्राणायाम बेहद महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर ही समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने खेल नीति बनाई है। बाइट.....

*खेल और खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में व्यापक कार्य योजना को आगे बढ़ाया हम लोगों ने खेल नीति भी बनाई ओलंपिक में कॉमनवेल्थ में एशियाड में विश्व चौम्पियनशिप में जो खिलाड़ी मैडल प्राप्त करते हैं उन खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाने की कार्रवाई और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि ऐसे अब तक पाँच सौ से अधिक खिलाड़ियों को हम लोगों ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल में उन्हें सीधे भर्ती के साथ जोड़ा है।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है। उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। नोएडा में

स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअली शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी की ओर से उत्तर प्रदेश में पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये के निवेश से नौ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बाइट....

*दो हजार सत्रह में उत्तर प्रदेश ने अपने औद्योगिक विकास की नीति को बनाया था तो हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक बात कही थी इन्वेस्टमेंट इम्प्लॉयमेंट के साथ जुड़ना चाहिए और मुझे प्रसन्नता है कि पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपए के इस नए निवेश के साथ नौ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार की नई संभावनाओं की गारंटी भी यहां पर प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था में वर्तमान में नौ दशमलव दो प्रतिशत का अपना योगदान दे रहा है। यह वर्तमान में भारत की नंबर दो की अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी के साथ विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में भारत की अर्थव्यवस्था को भी संबल देने के लिए आज आगे बढ़ रहा है।*

———————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने आज आगरा में दो दिवसीय अखिल भारतीय चिंतन शिविर का शुभारम्भ किया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आयोजित शिविर में केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले, केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण, राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड शामिल हुए।

दो दिवसीय शिविर का उद्देश्य प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 को लागू करने के लिए एक्शन प्लान बनाना है। शिविर का पहला दिन आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक सशक्तिकरण पर केंद्रित रहा। केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास अठावले ने कहा कि चिंतन शिविर में मंत्रालय की योजनाओं पर देश के सभी राज्यों से सुझाव मांगे गए हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि शिविर में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को किस तरह योजनाओं का लाभ मिले, इस पर चिंतन किया जा रहा है।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में 11 सितंबर को तीन दिवसीय सेमिकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में सेमिकॉन इंडिया 2024 का आयोजन करेगी। यह कार्यक्रम सेमी, मैसे म्यूनचेन इंडिया और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को ऊंचाई पर ले जाना और देश को प्रमुख वैश्विक प्रतिस्पर्धी के रूप में स्थापित करना है। यह ऐतिहासिक आयोजन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को महत्वपूर्ण

मंच मुहैया कराएगा। इसमें कंपनियों को भारत के उभरते सेमीकंडक्टर सेक्टर में नए व्यावसायिक अवसरों की खोज करने का एक अनूठा मौका मिलेगा।

—————————

कानपुर फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक पर शिवराजपुर स्टेशन के नजदीक एलपीजी गैस सिलेंडर और पेट्रोल बम रखकर कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश के मामले में पुलिस छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी ने आज मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। श्री चौधरी ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर भरा हुआ था और ट्रेन के इंजन की टक्कर से वह दूर जा गिरा। गनीमत रही कि वह फटा नहीं और हादसा होने से बच गया। घटनास्थल पर एलपीजी गैस सिलेंडर के अलावा एक झोले में बारूद और पेट्रोल बम सहित कई संदिग्ध सामान मिले हैं। कानपुर के डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जांच में एटीएस, आईबी, आरपीएफ और सिविल पुलिस की टीमें लगी हैं। बाइट....

*महत्वपूर्ण घटना है तो कई संस्थाएं अपना अपना काम कर रही है। आरपीएफ भी आई हुई है। एटीएस के भी टीम आई है। सिविल पुलिस भी लगी हुई थी। आईबी की टीम भी आई हुई है तो हम लोग अपना अपना काम कर रहे हैं। कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी इसका हम लोग अनावरण करें। अभी जो–जो साक्ष्य मिले हैं उसको सिक्योर किया गया*

*है, उसका परीक्षण भी होना है। सीसीटीवी कैमरा दिखवा रहे हैं। जहाँ–जहाँ भी गैस एजेंसी है वहां से हम ले रहे हैं। फुटेज, सिलेंडर कहां से बिका कहाँ से गया मिठाई की दुकान का रैपर आया है वो कैसे आया कहाँ से आया, माचिस कहाँ का है ये सारी बातों पे करके ही डिसीजन दिया जा सकता है।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**बरेली में भेड़िये के हमलों की खबरों का खंडन करते हुए प्रभागीय वन अधिकारी दीक्षा भंडारी ने कहा कि जनपद में भेड़िये नहीं बल्कि सियार के हमले के मामले सामने आये हैं, जिनमें लोगों को सामान्य चोट आई है। इसको लेकर वन विभाग की ओर से एडवाइजरी भी जारी की गई है। बाइट......**

*बरेली में उस तरीके की खबर वायरल हो रही है कि यहाँ पे भेड़िया आ गए है। बहराइच की तरह ऐसा यहाँ पे नहीं है क्योकि जब वन्य जीव के एक्टिविटी की हमको खबर मिली है क्षेत्र में तभी हमने*

*अपनी तीन टीमें वहाँ पर रात्री एवं दिन की गश्त में लगाई वहाँ पर की गयी और ये पाया गया उन्होंने के दौरान की वहां पर सियार के पैर की मौजूदगी है। आसपास के जितने भी गांव हैं उनमें हमने एक एडवाइजरी जारी की है कि जब भी लोग गन्ने के खेत में जाएं तो कोशिश करें कि वो ग्रुप में जाएं। अलगअलग बैठ करके कोई काम न करें, जब भी अंधेरे में निकलें तो लाइट का पर्याप्त उनके पास सोर्स हो। अपने हाथ में लाठी या डंडा कुछ इस तरीके की चीजें रखें।*

——————————

केन्द्र ने देश के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने और लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है।

——————————

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर अगले दो दिनों में मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। इसको देखते हुए राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से भारी वर्षा वाले जिलों में बचाव और राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत अन्य बचाव दलों की तैनाती की गई है। बाराबंकी में बारिश के रेडअलर्ट को देखते हुए जिलाधिकारी ने राहत दल को विभिन्न क्षेत्रों में तैनात

किया है। जिलाधिकारी ने सभी इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ मौसम केंद्र के अनुसार कल बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी, महोबा, झांसी, ललितपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया, मैनपुरी एटा, कासगंज और आसपास के क्षेत्र में भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने बांदा, प्रयागराज, मिर्जापुर वाराणसी, आजमगढ़, बस्ती, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, अलीगढ़ और गाजियाबाद मंडल के जिलों में गरज चमक के साथ मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही राज्य में अलग–अलग स्थानों पर मेघ गरजना के साथ बिजली भी गिर सकती है।

———————————

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अयोध्या से प्रतापगढ़ तक ग्रीन फील्ड 6 लेन एक्सेस कन्ट्रोल हाईवे निर्माण के लिए स्वीकृत दे दी है। नई सड़क वर्तमान सड़क के समानान्तर बनाई जाएगी। नए हाईवे की स्वीकृत मिलने के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने संत–महंतों और अयोध्यावासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी का आभार व्यक्त किया है।

(समाप्त)